भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1539

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

सिक्किम में राष्ट्रीय राजमार्ग

1539. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सिक्किम में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई कितनी है;

(ख) क्या सरकार की सिलीगुड़ी से गंगटोक तक यातायात को सुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-10 का उन्नयन करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सिक्किम के सोरेंग और गेजिंग जिलों में विद्यमान राष्ट्रीय राजमार्गों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सिक्किम में राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) की कुल लंबाई 709 किमी है।

(ख) जी, हां। मंत्रालय ने सिलीगुड़ी से गंगटोक तक यातायात को सुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-10 के उन्नयन के लिए विभिन्न कार्य शुरू किए हैं। शुरू किए गए कार्य निम्नानुसार हैं:-

- **i.** बालासन पुल (सिलीगुड़ी) से सीवोक सेना छावनी तक 4/6 बनाने का कार्य
- **ii.** सीवोक सेना छावनी से कोरोनेशन पुल (सीवोक) तक के खंड को 4 लेन का बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट
- **iii.** सीवोक से रंगपो तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में चौड़ीकरण के लिए परियोजना प्रबंधन निर्माण परामर्शी (पीएमसी)
- **iv.** रंगपो से रानीपूल तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में चौड़ीकरण के लिए डीपीआर की तैयारी
- **v.** रानीपूल से गंगटोक तक निष्पादन आधारित अनुरक्षण संविदा (पीबीएमसी)

(ग) सोरेंग जिले में कोई राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) नहीं है जबकि रारा-510 का 31 किमी का खंड सिक्किम के गेजिंग जिले में आता है।

*****